E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20/2022-3791 पटना, दिनांक : 29/10/2026

आदेश

बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय का पत्रांक 1366/बन्दो0 दिनांक 27.07.2026 द्वारा श्री अखिलेश कुमार (Emp.ID-AEN02562), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध अनाधिकृत अनुपस्थिति, कार्य के प्रति उदासीनता, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं विभागीय आदेशों/निर्देशों के उल्लंघन संबंधी आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 3083 दिनांक 07.09.2026 द्वारा श्री कुमार से 3 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर समर्पित किया गया है, जिसकी समीक्षा की जा सकती है।

श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर में उल्लेख किया गया है कि इनकी एकमात्र पुत्री जो Attention-Deficit/Hyperactivity Disorder रोग से ग्रसित है, जिसकी स्वास्थ्य अप्रैल, 2026 में अचानक बिगड़ जाने के कारण मुझे उसे ईलाज हेतु AIIMS, दिल्ली में जाना परा जहाँ ईलाज के क्रम में मैं अवकास हेतु समय पर आवेदन नहीं भेज सका, जिसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ। उक्त परेशानियों से थोड़ा राहत के पश्चात शिविर कार्यालय में योगदान समर्पित कर नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा हूँ।

अतः श्री अखिलेश कुमार (Emp.ID-AEN02562), विशेष सर्वेक्षण अमीन से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त इन्हें भविष्य में ऐसी स्थिति होने पर सर्वप्रथम सक्षम प्राधिकार से अवकाश स्वीकृति के उपरांत कार्यालय छोड़ने से संबंधित चेतावनी के साथ **"कार्य नहीं मानदेय नहीं"** सिद्धांत के आधार पर स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

2. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

29-10-26

(सुबोध कुमार)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20/2022-3791 **पटना, दिनांक** 29/10/2026

प्रतिलिपि :– बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29-10-26

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20/2022-3791 **पटना, दिनांक** 29/10/2026

प्रतिलिपि :– श्री अखिलेश कुमार (Emp.ID-AEN02562), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

29-10-26

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20 / 2022 3791 **पटना, दिनांक** 29/10/2026

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R साफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी का व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

29-10-26

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप